# श्री अन्न

## समाचार पत्र

अंक - 260 जुलाई, 2025

IIMR
भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान
ICAR-Indian Institute of Millets Research

**भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, राजेन्द्रनगर, हैदराबाद -500 030.**

### आंध्र प्रदेश में श्री अन्न प्रसंस्करण एवं कस्टम हायरिग इकाई के साथ जनजातीय किसानों का सशक्तिकरण

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद, अटारी ज़ोन-X, हैदराबाद और बीसीटी-कृविकें, हरिपुरम ने 8 जुलाई 2025 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के जनजातीय उपयोजना (टीएसपी) घटक के अंतर्गत आदिवासी किसानों और आदिवासी किउसं के लिए श्री अन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले के रामबिल्ली मंडल के हरिपुरम गाँव में बीसीटी-कृविकें में आयोजित किया गया। इसमें कुल 10 किउसं व 40 किसानो ने भाग लिया और किउसं ने बैठक के दौरान बीसीटी-कृविकें में स्टॉल लगाए।




डॉ. शेख एन मीरा, अटारी जोन-भूतपूर्व निदेशक, डॉ. श्रीनिवास बाबू और डॉ. संगप्पा वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद, डॉ. के शैलजा, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, बीसीटी-कृविकें, डॉ. टी एस एस के पात्रो, वैज्ञानिक, आरएआरएस विजयनगरम तथा डॉ. रघुराम, उप निदेशक, आचार्य एन जी रंगा कृषि विश्वविद्यालय ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया।

डॉ. शेख एन मीरा ने बेहतर पोषण एवं स्वास्थ्य के लिए श्री अन्न तथा जैविक उत्पादो के प्रति उपभोक्ता की बढ़ती रुचि पर चर्चा की। उन्होंने सुझाव दिया कि किउसं को समीपस्थ बाज़ारो को लक्षित करने हेतु श्री अन्न के लिए जैविक प्रमाणीकरण प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। डॉ. के श्री निवास बाबू ने श्री अन्न मूल्यवर्धित उत्पादो की क्षमता और किउसं उत्पादो की लाभप्रदता पर प्रकाश डाला। डॉ. संगप्पा ने भाश्रीअनुसं के टीएसपी कार्यक्रम के अंतर्गत आदिवासी किसानो व आदिवासी किउसं को निःशुल्क श्री अन्न बीज उपलब्ध कराने में भाश्रीअनुसं के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि भाश्रीअनुसं-टीएसपी ने आदिवासी किसानो के सशक्तिकरण में योगदान दिया है। डॉ. के शैलजा, डॉ. पात्रो और डॉ. रघुराम ने भी सभा को संबोधित किया और आदिवासी क्षेत्रो में श्री अन्न की खेती के बारे में अपने विचार साझा किए।

इसके अलावा, डॉ. शेख एन मीरा, श्रीनिवास बाबू, संगप्पा, शैलजा, पात्रो ने भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के जीसीओई-टीएसपी घटक के अंतर्गत आदिवासी किउसं को निःशुल्क श्री अन्न प्रसंस्करण और मूल्य वर्धित मशीनें वितरित की। डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने अपने वीडियो संदेश के माध्यम से आदिवासी किसानो को संबोधित किया और उन्हें इन मशीनो का उपयोग करने और ऑनलाइन मंच के माध्यम से श्री अन्न आधारित मूल्य वर्धित उत्पादो एवं आउटपुट मार्केटिंग पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव दिया। आदिवासी किउसं ने आदिवासी समुदायो के सशक्तिकरण हेतु आदिवासी किसानो को अपना समर्थन देने के लिए निदेशक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद और बैठक के अन्य गणमान्य व्यक्तियो के प्रति आभार व्यक्त किया। आंध्र प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रो में श्री अन्न प्रसंस्करण और कस्टम हायरिग इकाई की स्थापना हेतु डॉ. संगप्पा, डॉ. के श्रीनिवास बाबू, डॉ. रफी और सुश्री चंदिनी, भाश्रीअनुसं ने समन्वय किया।

### भाकृअनुप के 97वें स्थापना दिवस के दौरान भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के द्वारा श्री अन्न प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन




भाकृअनुप- भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने 16 जुलाई 2025 को पूसा नई दिल्ली में भाकृअनुप के 97वें स्थापना दिवस के दौरान भाग लिया और श्री अन्न स्टॉल लगाया। भाश्रीअनुसं के डॉ. संगप्पा, डॉ. स्टेनली जे, डॉ. शुभांकर और श्री साई प्रशांत ने स्टॉल हेतु व्यवस्था की तथा श्री अन्न प्रौद्योगिकी, किउसं के श्री अन्न मूल्य वर्धित उत्पाद, प्रकाशन एवं वार्षिक प्रतिवेदन का प्रदर्शन किया। श्री शिवराज सिंह चौहान, माननीय कृषि मंत्री, श्री भागीरथ चौधरी, माननीय कृषि राज्य मंत्री, डॉ. मांगी लाल जाट, महानिदेशक, भाकृअनुप एवं सचिव, डेयर तथा डॉ. डी के यादव, उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) ने भाश्रीअनुसं स्टॉल का दौरा किया और भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद को श्री

अन्न प्रचार में एक वैश्विक अग्रणी संस्थान के रूप में आकार देने के प्रयासो हेतु निदेशक, भाकृअनुप -भाश्रीअनुसं, हैदराबाद की सराहना की। डॉ. तारा सत्यवती, निदेशक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, डॉ. जे स्टेनली, डॉ. संगप्पा, डॉ. शुभांकर और श्री साई प्रशांत ने उक्त कार्यक्रम में भाग लिया।

## "नवीनतम श्री अन्न उत्पादन एवं प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियां" नामक पुस्तक का विमोचन

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने डॉ. श्रीमती सी तारा सत्यवती, निदेशक के मार्गदर्शन में जलवायु परिवर्तन के बावजूद खाद्य व पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं गरीब किसानो की आय बढ़ाने के उद्देश्य से **"नवीनतम श्री अन्न उत्पादन एवं प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियां"** नामक पुस्तक का प्रकाशन किया। डॉ. राजेंद्र आर चापके, डॉ. महेश कुमार तथा डॉ. सी तारा सत्यवती इस पुस्तक के लेखक हैं। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा हैदराबाद में 11 जुलाई, 2025 को आयोजित राजभाषा स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान श्री किशन रेड्डी, माननीय केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री, श्री हरिवंश, माननीय उप सभापति, राज्यसभा, श्री पवन कल्याण, माननीय उप-मुख्य मंत्री, आंध्र प्रदेश, प्रो. माणिक्यांबा, हिंदी शिक्षाविद्, तेलंगाना, प्रो. अनंत कृष्णन, हिंदी शिक्षाविद्, तमिलनाडु तथा श्रीमती अंशुली आर्या, सचिव, राजभाषा विभाग ने उक्त पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर डॉ. महेश कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राजभाषा) ने संस्थान का प्रतिनिधित्व किया।



पुस्तक में श्री अन्न अर्थात ज्वार, बाजरा, रागी, कंगनी, कोदो, कुटकी, सावां, चेना तथा छोटी कंगनी (ब्राउन टॉप श्री अन्न) फसलो की उन्नत कृषि तकनीको का समावेश किया गया है ताकि किसान उक्त तकनीको का उपयोग करके लाभान्वित हो सके। इसके अलावा श्री अन्न की मांग को बढ़ाने के उद्देश्य से इस पुस्तक में श्री अन्न की प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन तकनीको का भी समावेश किया गया है ताकि श्री अन्न उद्यमियो एवं किसानो को बीच समन्वय स्थापित हो और प्रत्येक वर्ग उससे लाभान्वित हो सके। श्री अन्न के सेवन से लोगो के जीवन शैली संबंधी विकारो की रोकथाम में भी सहायता मिलेगी।

## बेलगाम में कृविकें के सहयोग से श्री अन्न उत्पादन प्रशिक्षण



डॉ. सूगण्ण, वैज्ञानिक (बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी), भाश्रीअनुसं ने 25 जुलाई 2025 को कर्नाटक के बेलगाम जिले के सवादत्ती तालुका के यारागट्टी में कृविकें मट्टीकोप्पा और भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में एक संसाधन व्यक्ति के रूप में भाग लिया। उन्होने "श्री अन्न की उन्नत खेती पद्धतियां" पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया, जिसमें वैज्ञानिक फसल प्रबंधन तकनीको, जलवायु -अनुकूल उत्पादन कार्यनीतियो तथा श्री अन्न -आधारित कृषि प्रणालियो में उत्पादकता और लाभप्रदता बढ़ाने के लिए उन्नत किस्मो के विकल्पो पर प्रकाश डाला गया। इस सत्र के सहभागी किसानो एवं विस्तार कर्मियो ने साझा की गई तकनीको की व्यावहारिक प्रासंगिकता की सराहना की।

## श्री अन्न उत्पादन, प्रसंस्करण तथा मूल्यवर्धन में नवीनतम प्रगति पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने आंध्र प्रदेश कम्युनिटी मैनेज्ड नेचुरल फार्मिंग रैतु साधिका संस्था के वित्त-पोषण से आंध्र प्रदेश के किसानो, उद्यमियो और विस्तार कार्यकर्ताओ सहित 33 प्रतिभागियो के लिए 28 जुलाई - अगस्त 2025 के दौरान 'श्री अन्न उत्पादन, प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन में नवीनतम प्रगति' नामक पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। डॉ. (श्रीमती) सी तारा सत्यवती, निदेशक ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री अन्न का उत्पादन, संरक्षण, प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन, भंडारण, मृदा परीक्षण जैसे पहलुओ को शामिल किया गया। किसानो को श्री



अन्न जननद्रव्य विविधता दिखाने हेतु श्री अन्न जीन संग्रह का दौरा कराया गया। संस्थान में स्थापित उत्कृष्टता केंद्र, प्राथमिक और द्वितीयक प्रसंस्करण सुविधाओ पर गहन चर्चा की गई। इसके अलावा, उन्हें आंध्र प्रदेश के लिए उपयुक्त किस्मो से अवगत कराया गया। किसान उत्पादक संगठनो के गठन व उनके लाभ से संबंधित जानकारी प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही। प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य पाठ्यक्रम निदेशक - डॉ. सी तारा सत्यवती, पाठ्यक्रम निदेशक - डॉ. ए श्रीनिवास, वरिष्ठ वैज्ञानिक, पाठ्यक्रम सह-निदेशक - डॉ. अनुराधा नरेला, वरिष्ठ वैज्ञानिक तथा डॉ. सेवा नायक, वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा किया गया। डॉ. महेश कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राजभाषा) पाठ्यक्रम समन्वयक थे।

## गिरिसिरी जनजातीय किउसं के जनजातीय किसानों को बीज वितरण



भाकृअनुप - भाश्रीअनुसं, हैदराबाद द्वारा प्रत्यावर्तित गिरिसिरी ट्राइबल किउसं ने 5 जुलाई 2025 को चिताडा गांव में किसानो में श्री अन्न बीज वितरित किए। भाकृअनुप - भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने आदिवासी किसानो को गुणतायुक्त बीज उपलब्ध कराकर आदिवासी समुदायो में श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देने हेतु पहल की। इस वितरण का उद्देश्य कृषि को बढ़ावा देने, श्री अन्न के माध्यम से पोषण बढ़ाने एवं छोटे व सीमांत किसानो की आजीविका में सुधार लाने पर केंद्रित था। डॉ. संगप्पा तथा डॉ. रफी, व्यवसाय विशेषज्ञ, किउसं परियोजना ने बीजो का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने हेतु श्री अन्न की खेती के सर्वोत्तम तरीको पर किसानो का मार्गदर्शन किया। इस प्रयास से उत्पादकता में वृद्धि तथा श्री अन्न व श्री अन्न के मूल्यवर्धित उत्पादो हेतु बाजार के अवसर पैदा करके दीर्घकालिक लाभ की आशा है।

## कर्नाटक किउसं को उन्नत श्री अन्न बीज

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने 6 जुलाई 2025 को अपने किउसं के माध्यम से कर्नाटक के किसानो को निःशुल्क श्री अन्न बीज वितरण कार्य क्रम को सुकर बनाया। कर्नाटक के बसवेश्वर किउसं, मुधोल किउसं और शोरापुर तालुका मिलेट्स किउसं ने 3 खंड़ो में किसानो को 1800 किलोग्राम बीज वितरित किए। यह बीज वितरण, श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देने तथा छोटे व सीमांत किसानो को सहायता प्रदान करने के लिए भाकृअनुप -भाश्रीअनुसं के निरंतर प्रयासो का एक हिस्सा है। इस वितरण का उद्देश्य स्थायी कृषि पद्धतियो को बढ़ावा देना, जागरूकता फैलाना, श्री अन्न की खपत बढ़ाना और कृषक समुदायो की आजीविका को सुदृढ़ करना था। भाकृअनुप - भाश्रीअनुसं ने किसानो को उच्च गुणतायुक्त बीज और तकनीकी सहायता प्रदान करके, वर्तमान व्यावसायिक फसलो की अपेक्षा उन्हें श्री अन्न आधारित कृषि अपनाने में सहायता की। डॉ. संगप्पा, प्रधान अन्वेषक किउसं परियोजना और भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के किउसं-नेस्ट दल ने इस कार्यक्रम को सुगम बनाया।




## श्री अन्न उद्यमिता को सुदृढ़ करना : किउसं व स्टार्टअप के बीच समन्वय

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद तथा न्यूट्रीहब ने 14 - 17 जुलाई 2025 के दौरान श्री अन्न में उद्यमिता फाउंडेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के भाग के रूप में, किउसं नेस्ट दल के डॉ. संगप्पा तथा डॉ. रफी ने 16 जुलाई 2025 को “किउसं को स्टार्टअप्स से जोड़ना” पर एक व्यावहारिक सत्र का आयोजन किया। डॉ. संगप्पा ने चार राज्यो में श्री अन्न किउसं को बढ़ावा देने में सीबीबीओ के रूप में भाश्रीअनुसं के अनुभवो को साझा किया। डॉ. रफी ने श्री अन्न किउसं के विवरण और श्री अन्न मूल्य शृंखला को मजबूत करने के लिए उनके द्वारा अपनाई गई कार्यनीतियो की जानकारी दी। श्री अन्न किउसं द्वारा शुरू की गई व्यावसायिक योजनाओ पर भी उद्यमियो के साथ चर्चा की गई। इसके अलावा, कच्चे माल की स्रोतन, मूल्यवर्धित श्री अन्न उत्पादो को विकसित करने और सुदृढ़ बाजार संबंध स्थापित करने के लिए श्री अन्न किउसं के साथ सहयोग करने के व्यावहारिक तरीको को उद्यमियो के साथ साझा किया गया।



## मध्य प्रदेश के उद्योगिनी अधिकारियों का उन्नत श्री अन्न प्रशिक्षण सह ज्ञानवर्धक दौरा




भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने उद्योगिनी एनजीओ, मध्य प्रदेश के 12 अधिकारियो के लिए 16 - 18 जुलाई 2025 तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण-सह-ज्ञानवर्धक दौरे का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. जी श्याम प्रसाद, प्रभारी निदेशक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं हैदराबाद के ज्ञानवर्धक संबोधन के साथ हुआ। श्री के श्रीनिवास बाबू, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की। डॉ. अमसिद्ध बी, वैज्ञानिक ने श्री अन्न की खेती और श्री अन्न खेती के प्रबंधन तकनीको पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। श्री अन्न प्रसंस्करण इकाई, पीजेटीएयू उष्मायन केंद्र , शताब्दी ऑर्गेनिक्स (श्री अन्न पास्ता बनाना) और जीएमआरके फूड्स (श्री अन्न चिक्की तैयार करना) में प्रतिभागियो को श्री अन्न प्राथमिक प्र संस्करण इकाइयो और श्री अन्न मूल्य वर्धित उत्पादो का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया गया। डॉ. श्रीनिवास बाबू और डॉ. संगप्पा ने किसानो को निःशुल्क श्री अन्न के बीज वितरित किए तथा डॉ. संगप्पा, डॉ. अमसिद्ध बी, डॉ. रफी तथा सुश्री मेघना ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वय किया।

## इक्रिसेट के वैज्ञानिकों का दौरा

डॉ. कुलदीप सिंह, प्रधान वैज्ञानिक और प्रमुख, जीन संग्रह, इक्रिसेट तथा डॉ. वेल्लिवेंथन मणि, वरिष्ठ वैज्ञानिक (आनुवंशिक संसाधन) , इक्रिसेट ने "खाद्य और पोषण सुरक्षा बढ़ाने के लिए लघु श्री अन्न के जीनोमिक संसाधनो का लक्षण वर्णन, मूल्यांकन, आनुवंशिक संवर्धन और उत्पादन" नामक नेटवर्क परियोजना प्रस्ताव को आगे बढ़ाने की संभावना के बारे में चर्चा करने हेतु 11 जुलाई 2025 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं का दौरा किया। डॉ. तारा सत्यवती, निदेशक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के साथ संक्षिप्त चर्चा के बाद, दल ने श्री अन्न वैश्विक उत्कृष्ट शोध केंद्र एवं न्यूट्रीहब के अंतर्गत विकसित सुविधाओ का दौरा किया।



## समझौते ज्ञापन

| तिथि | अन्य पक्ष/लाइसेंसधारी | समझौते ज्ञापन का उद्देश्य |
|---|---|---|
| 03.07.2025 | गुरुस्वाद फूड्स एग्रीकल्चर एंड फूड एसोसिएशन, महाराष्ट्र | 2 श्री अन्न मूल्य वर्धित प्रौद्योगिकियो अर्थात ज्वार मुरमुरा व ज्वार नमकीन (चिवड़ा) हेतु लाइसेंस |
| 03.07.2025 | अर्बन फर्मन न्यूट्रिएंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, आंध्र प्रदेश | 6 श्री अन्न मूल्यवर्धित प्रौद्योगिकियो अर्थात् ज्वार बहु -अनाज आटा, श्री अन्न मुरमुरा, ज्वार मूसली, कंगनी सेंवई, बहु-श्री अन्न कुकीज़ तथा रागी-आधारित ऊर्जा बार हेतु लाइसेंस |
| 03.07.2025 | यूनिस्टेम सेल्स एंड मार्केटिंग एलएलपी, हैदराबाद | 2 श्री अन्न मूल्यवर्धित प्रौद्योगिकियो अर्थात् बहु -श्री अन्न कुकीज़ तथा रागी आधारित ऊर्जा बार हेतु लाइसेंस |
| 04.07.2025 | होरा मिलेट्स एंड ऑर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद | 6 श्री अन्न मूल्यवर्धित प्रौद्योगिकियो अर्थात् ज्वार मुरमुरा, ज्वार अंडा रहित मफिन, ज्वार मुरुकु, प्रोटीन युक्त ज्वार मूसली, रागी आधारित ऊर्जा बार तथा रागी चॉकोचिप्स कुकीज़ हेतु लाइसेंस |




गुरुस्वाद फूड्स एग्रीकल्चर एंड फूड एसोसिएशन, महाराष्ट्र




अर्बन फर्मन न्यूट्रिएंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, आंध्र प्रदेश




होरा मिलेट्स एंड ऑर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद

# जुलाई 2025 में प्रशिक्षण आयोजित

| प्रशिक्षण का शीर्षक | प्रायोजक अभिकरण | तिथि | अवधि | प्रतिभागियों की संख्या | प्रतिभागियों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| केरल के कृषि अधिकारियों हेतु श्री अन्न प्रसंस्करण व मूल्यवर्धन | केरल सरकार | 30-06-2025 से 02-07-2025 | 3 दिन | 16 | कृषि अधिकारी, केरल सरकार |
| समाधान वेबिनार शृंखला - I सुश्री विनुथा रल्लापल्ली द्वारा “स्टार्टअप पिच मास्टरी – श्री अन्न आधारित स्टार्टअप हेतु एक व्यावहारिक मार्गदर्शिका” | न्यूट्रीहब | 14-07-2025 (आभासी) | 1 दिन | 33 | न्यूट्रीहब इनक्यूबेटेड स्टार्टअप्स |
| श्री अन्न में उद्यमिता फाउंडेशन कार्यक्रम | न्यूट्रीहब | 14 से 17 जुलाई 2025 | 4 दिन | 39 | कर्मचारी, उद्यमी, छात्र आदि |
| उद्योगिनी एनजीओ के अधिकारियों के लिए “श्री अन्न उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन, ब्रांडिंग और विपणन” पर ज्ञानवर्धक दौरा सह प्रशिक्षण कार्यक्रम | उद्योगिनी एनजीओ, मध्य प्रदेश | 16 से 18 जुलाई 2025 | 3 दिन | 10 | विषय विशेषज्ञ, कार्यक्रम सहयोगी, सामुदायिक संसाधन व्यक्ति, एमईएल सहयोगी, और उद्योगिनी एनजीओ के साझेदार |
| उन्नत श्री अन्न उत्पादन पर मध्य-मौसम अभिविन्यास प्रशिक्षण | कृषि विस्तार प्रभाग, भाकृअनुप, नई दिल्ली | 23.07.2025 | 01 | 50 | एफएफपी परियोजना के सहभागी किसान |
| अनुसूचित जाति के किसानों हेतु श्री अन्न उत्पादन, प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन में नवीनतम प्रगति | भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं | 23.07.2025 | 1 | 100 | किसान |
| श्री अन्न संग व्यंजन | न्यूट्रीहब | 24-07-2025 | 1 दिन | 19 | कर्मचारी, उद्यमी, छात्र आदि |
| समाधान वेबिनार शृंखला - II डॉ. राजन शर्मा, पीएचडी, पीएयू, लुधियाना द्वारा “एक्सट्रूज़न में श्री अन्न के अनुप्रयोगों में नवीनतम प्रगति” | न्यूट्रीहब | 25-07-2025 (आभासी) | 1 दिन | 50 | न्यूट्रीहब उष्मित नवोद्यमी |

# बैठक/संगोष्ठी/कार्यशाला/सम्मेलन में डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक की सहभागिता

| क्र.सं. | शीर्षक | आयोजक | स्थल | सहभागिता विधि | तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एग्रीटेक 2025 के संबंध में तेलंगाना सरकार के कृषि मंत्री के साथ बैठक | कृषि विभाग, तेलंगाना सरकार | तेलंगाना सचिवालय, हैदराबाद | प्रत्यक्ष | 03.07.2025 |
| 2 | 16वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉन्क्लेव के दौरान सत्र 4 : एग्रीकल्चर हेतु इंडस्ट्री-एकेडेमिया साझेदारी में वक्ता | एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप, नई दिल्ली | बॉलरूम, द ओबेरॉय, नई दिल्ली | - | 09.07.2025 |
| 3 | 114वें फोकार्स के साथ स्थानीय भाकृअनुप संस्थानों के निदेशक के परस्पर वार्ता सत्र | भाकृअनुप-राकृअनुप्रअ, हैदराबाद | राकृअनुप्रअ, हैदराबाद | - | 12.07.2025 |
| 4 | सचिव (कृअनुशिवि) तथा महानिदेशक (भाकृअनुप), नई दिल्ली द्वारा बुलाई गई बैठक हेतु सदस्य-सचिव के रूप में महर्षि संचालन समिति की पहली बैठक | भाकृअनुप, नई दिल्ली | महानिदेशक समिति कक्ष, भाकृअनुप, नई दिल्ली | - | 14.07.2025 |
| 5 | भाकृअनुप का 97वें स्थापना दिवस | भाकृअनुप, नई दिल्ली | एनएएससी कॉम्प्लेक्स, पूसा, नई दिल्ली | - | 16.07.2025 |
| 6 | महर्षि पहल का पूर्वावलोकन | भाकृअनुप, नई दिल्ली | भाकृअनुप, नई दिल्ली | - | 16.07.2025 |
| | | | | | |

## बैठक/संगोष्ठी/कार्यशाला/सम्मेलन में डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक की सहभागिता

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | “पोषण सुरक्षा हेतु जैव-पौष्टिकिकृत फसलों को प्रोत्साहन ” पर तीन दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण के दौरान “श्री अन्न के जैव-पौष्टिकिकरण दृष्टिकोण बनाम जैव-प्रौद्योगिकी दृष्टिकोण” पर सत्र | मैनेज, हैदराबाद | मैनेज, हैदराबाद | ऑनलाइन | 18.07.2025 |
| 8 | डॉ. एम एस जाट, सचिव (कृअनुशिवि) तथा महानिदेशक (भाकृअनुप) का सम्मान समारोह | इक्रिसेट, हैदराबाद | इक्रिसेट, हैदराबाद | - | 18.07.2025 |
| 9 | “जलवायु विज्ञान वितरण : पहुंच से वंचित लोगों तक पहुंचना ” पर विचार-मंथन कार्यशाला | भाकृअनुप-केबाकृअनुसं, हैदराबाद | कॉन्फ्रेंस हॉल-2, केबाकृअनुसं, हैदराबाद. | प्रत्यक्ष | 19.07.2025 |
| 10 | मिलेट्स – एग्रोस्पेक्ट्रम पर वेबिनार के दौरान वक्ता के रूप में | एग्रोस्पेक्ट्रम एशिया और भारत; नफूड्स स्पेक्ट्रम एशिया | एग्रोस्पेक्ट्रम एशिया और भारत; नफूड्स स्पेक्ट्रम एशिया | - | 21.07.2025 |
| 11 | महानिदेशक, इक्रिसेट द्वारा बुलाई गई बैठक में भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के दल के साथ श्री अन्न अनुसंधान सहयोग पर केंद्रित चर्चा | इक्रिसेट, हैदराबाद | इक्रिसेट, हैदराबाद | प्रत्यक्ष | 23.07.2025 |
| 12 | इक्रिसेट, नई दिल्ली में “खाद्य और पोषण सुरक्षा बढ़ाने हेतु लघु श्री अन्न के लक्षण, मूल्यांकन, आनुवंशिक संवर्धन तथा जीनोमिक संसाधनों का सृजन” पर नेटवर्क प्रोजेक्ट प्रपोज़ल पर विचार-विमर्श हेतु बैठक की अध्यक्षता | इक्रिसेट, हैदराबाद | इक्रिसेट, हैदराबाद | प्रत्यक्ष | 23.07.2025 |
| 13 | आरोग्य लक्ष्मी कार्यक्रम पर पूरक पोषण कार्यक्रम समिति की बैठक | महिला विकास और बाल कल्याण विभाग, तेलंगाना | निदेशक, डब्ल्यूजी और सीडब्ल्यू, तेलंगाना, हैदराबाद | प्रत्यक्ष | 25.07.2025 |
| 14 | प्रधानमंत्री-किसान योजना की 20वीं किस्त जारी करने के संबंध में माननीय कृषि मंत्री द्वारा बुलाई गई ऑनलाइन बैठक | डीएएफडब्ल्यू, नई दिल्ली | डीएएफडब्ल्यू, नई दिल्ली | ऑनलाइन | 30.07.2025 |
| 15 | भाकृअनुप मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा बुलाई गई कृविकें के साथ ऑनलाइन बैठक | भाकृअनुप, नई दिल्ली | भाकृअनुप, नई दिल्ली | ऑनलाइन | 30.07.2025 |


श्री अन्न वैश्विक उत्कृष्टता केंद्र

**भाकृअनुप - भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान**

बाजरा, ज्वार तथा लघु श्री अन्न पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना

राजेन्द्रनगर, हैदराबाद-500053

दूरभाष : 040-24599300 ई-मेल : millets.icar@nic.in वेबसाइट : www.millets.res.in

संकलन एवं संपादन

**डॉ. महेश कुमार, डॉ. जिनु जेकब तथा डॉ. वी वेंकटेश भट**

फोटो, अभिकल्पना तथा रूपरेखा

**एच एस गावली**

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक

**निदेशक, भाकृअनुप – भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान**

**रबी ज्वार अनुसंधान केंद्र (भाश्रीअनुसं)**
राष्ट्रीय राजमार्ग-9, बायपास, शेल्गी,
सोलापुर-413006 (महाराष्ट्र)
दूरभाष : 0217-2373456 फैक्स : 0217-2373456
ई-मेल : solapur@millets.res.in
वेबसाइट : www.millets.res.in

**ज्वार गैर-मौसमी पौधशाला (भाश्रीअनुसं)**
प्रभारी अधिकारी,
भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, आरएआरएस
(पीजेटीएसएयू) मुलुगू रोड़. वरंगल

**क्षेत्रीय बाजरा अनुसंधान केंद्र (भाश्रीअनुसं)**
गुड़ामालानी, बाड़मेर, राजस्थान
ई-मेल : barmer@millets.res.in